नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

# 18 .59 करोड़ की मिली संपत्ति

**इंदौर-ग्वालियर में रिटायर्ड आबकारी अधिकारी के घर लोकायुक्त का छापा**

**1.13** करोड़ नकद बरामद | **07** किलो 128 ग्राम चांदी, विदेशी घड़ियां, लग्जरी सामान मिला | **04** किलो सोना मिला

नवभारत टीम

**इंदौर, 15 अक्टूबर. इंदौर से लेकर ग्वालियर तक रिटायर्ड जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के ठिकानों पर लोकायुक्त की कार्रवाई में करोड़ों की बेहिसाब संपत्ति सामने आई है. शुरुआती जांच में भदौरिया के पास उनकी वैध आय से 829.66 प्रतिशत अधिक संपत्ति होने का खुलासा हुआ है. टीम को छापे के दौरान 1.13 करोड़ नकद, 4 किलो 221 ग्राम सोना, 7 किलो 128 ग्राम चांदी, विदेशी घड़ियां, लग्जरी सामान और निर्माणाधीन बंगला तक के सबूत मिले हैं.**



लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के मार्गदर्शन में बुधवार तड़के सुबह 6 बजे रिटायर्ड आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के ठिकानों पर एक साथ छापे की कार्रवाई की गई. भदौरिया, जो अलीराजपुर में जिला आबकारी अधिकारी के पद से अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त हुए थे, उनके खिलाफ गोपनीय शिकायत के बाद लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की. टीम ने सबसे पहले पलासिया स्थित कैलाश कुंज अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 201, 402 और 403 की तलाशी ली. यहां से 9.66 करोड़ की संपत्ति मिली. भदौरिया के पास 3 बैंक लॉकर और कई खाते मिले हैं. साथ ही उनके बेटे सूर्यांश और बेटी अपूर्वा द्वारा किसी जितेन्द्र चौधरी को 2.85 करोड़ उधार देने का एग्रीमेंट भी जब्त किया. वहीं फ्लैट 402 किराए पर दिया गया पाया गया, जबकि फ्लैट 403 में उनकी बेटी और दामाद रहते हैं. इस फ्लैट से 6.48 लाख की संपत्ति मिली. तीनों फ्लैटों की गाइडलाइन वैल्यू 1.92 करोड़ और अब तक का व्यय 14.49 करोड़ आंका है.

भदौरिया की बेटी अपूर्वा भदौरिया के नाम से यावी ग्रीन स्कीम नं.114, इंदौर में फ्लैट एफ -401 मिला, जिसमें मूवी प्रोडक्शन से संबंधित द डिजाइन चैलेंज के दस्तावेज और उपकरण मिले. वहीं काउंटीवॉक इलाके में 4700 वर्गफुट के भूखंड पर तीन मंजिला 12,000 वर्गफुट का निर्माणाधीन बंगला मिला, जिसकी कीमत गाइडलाइन के अनुसार 3.36 करोड़ आंकी गई है.

### बॉक्स भरकर मिले जमीन और प्रॉपर्टी के दस्तावेज

**ग्वालियर.** धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के ग्वालियर स्थित आवास पर भी छापा मारा। अचानक सुबह 5 बजे लोकायुक्त की टीम सूर्य नमस्कार तिराहा के पास विवेक नगर इंद्रमणि नगर में उनके निवास पर पहुंची। छापे के दौरान एक बॉक्स भरकर जमीन व प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले हैं। इसी मकान में धर्मेंद्र के साथ उनके भाई रिटायर्ड डीएसपी आरवीएस भदौरिया, एमआईटीएस के रजिस्ट्रार शैलेन्द्र सिह भदौरिया रहते हैं। ऐसा पता लगा है कि भदौरिया इटावा उप्र के बड़े शराब कारोबारी एके सिंह के रिश्तेदार हैं। इसलिए लोकायुक्त टीम भदौरिया का यूपी कनेक्शन भी तलाश रही है। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक निरंजन शर्मा ने बताय छानबीन जारी है।

# मुख्यमंत्री ने ओरछा को दी सौगात

## श्रीराम राजा लोक के द्वितीय चरण का शिलान्यास और भूमिपूजन

**टीकमगढ़, 15 अक्टूबर. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार को भगवान श्री रामराजा सरकार ओरछा में अपने निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के तहत श्रीराम राजा लोक के द्वितीय चरण का शिलान्यास कर करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।**



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की सभी से अपील की है। सीएम के साथ प्रभारी मंत्री एवं निवाड़ी विधायक अनिल जैन मौजूद रहे।

दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पहले से ही ओरछा नगरी में आने का कार्यक्रम निर्धारित था, जिसके तहत उन्होंने यहां पहुंचकर सर्वप्रथम भगवान श्रीरामराजा सरकार के दर्शन किए। इसके उपरांत उन्होंने लोकार्पित कार्यों में 3,476 लाख रूपए से निर्मित संदीपनी विद्यायालय स्कूल सीएम राइज असाटी तथा सौ लाख रूपए की लागत से निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोराखास आदि कई कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री के हेलीपैड आगमन पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री नारायन सिंह कुशवाह, विधायक निवाड़ी अनिल जैन, सांसद प्रतिनिधि राजेश पटेरिया, पूर्व विधायक पृथ्वीपुर शिशुपाल सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया।

# मावा व्यापारी के घर से 10 लाख की लूट

## दिनदहाड़े डकैती : मां-बेटी को बंधक बनाकर 12 तोला सोना भी ले गए

नवभारत न्यूज

**मुरैना 15 अक्टूबर। यहां एक घर में दिनदहाड़े 5 हथियारबंद बदमाशों ने डाका डाल दिया। बदमाश हथियारों के बल पर घर के लोगों को डरा-धमका और बंधक बनाकर 10 लाख रुपए नकद और 12 तोला सोना लूट ले गए।**



मावा व्यापारी नवल किशोर गुप्ता की बेटी सिमरन ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे किसी ने दरवाजा खटखटाया। मैंने दरवाजा खोला तो 5 हथियारबंद बदमाश धक्का देकर सीधे अंदर घुस आए। उन्होंने मेरे मुंह में कट्टा अड़ाकर मुझे बंधक बना लिया।

व्यापारी की पत्नी सरोज ने बताया कि बदमाशों ने हमें कमरे में बंद कर दिया और पूरे घर में तोड़फोड़ कर लूटपाट की। पीड़ितों के अनुसार बदमाश करीब 45 मिनट तक घर में लूटपाट करते रहे। इसके बाद वे बाहर से कुंडी लगाकर फरार हो गए। बाद में उन्होंने पड़ोसियों और दुकान पर मौजूद अपने पति को फोन किया, जिसके बाद उन्हें बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर एसपी समीर सौरभ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुछ सुराग लगे हैं, आरोपियों को लूटी गई रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नंदलालपुरा में किन्नरों के दो गुटों में विवाद, 24 अस्पताल में भर्ती

इंदौर. नंदलालपुरा क्षेत्र में दो किन्नरों के गुटों के बीच विवाद के दौरान 24 लोग फिनायल पीकर बीमार हो गए. सभी को एमवायएच हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी की हालत ठीक बताते हुए कहा कि उनका उपचार और निगरानी शुरु कर दी है.



पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के नंदलालपुरा में सोमवार को दो किन्नरों के गुटों के बीच तनाव बढ़ गया. विवाद के दौरान लगभग 24 किन्नरों ने बंद कमरे में फिनायल पी लिया. सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कमरे को खुलवाया और सभी को एम्बुलेंस के जरिए एमवाय हॉस्पिटल पहुंचाया . अस्पताल में भर्ती किन्नरों में माहिरा, अंजली, रोली कुंवर, आकांक्षा, शब्बो, गुंजन, लाली, नैत्रा, साही, झुमर, खुशबु, प्रतिक्षा, खुशी बुलबुल, रीना, कान्हा, त्रिवेणी, साइबा, रिया, गोल्डन, खुशी, कोमल, रिद्धी और सिया शामिल हैं. अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सभी की हालत ठीक है और डॉक्टर लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं. पुलिस ने बताया कि किसी गुट द्वारा दूसरे गुट को प्रताड़ित करने की बात की जांच की जा रही है. जांच के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. साथ ही, किसी भी तरह की गोलीबारी की घटना नहीं हुई है और इस तरह की अफवाहें पूरी तरह भ्रामक हैं. उल्लेखनीय है कि दोनों गुटों में पिछले कुछ दिनों से वर्चस्व को लेकर तनाव चल रहा था. इसी विवाद के दौरान कुछ घंटे पहले ही दो मीडियाकर्मियों द्वारा एक किन्नर के साथ कुकर्म के आरोपों को लेकर भी नया बवाल खड़ा हुआ था, जिससे माहौल और गरमा गया.

# बीजेपी की दूसरी लिस्ट

**पटना** 15 अक्टूबर. बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है. पार्टी ने इस सूची में 12 विस क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है. इस सूची में सबसे प्रमुख नाम प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर और आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा का है. बीजेपी ने युवा और चर्चित चेहरों पर दांव खेलते हुए मैथिली ठाकुर को अलीनगर विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि तेज-तर्रार आईपीएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाने वाले आनंद मिश्रा को बक्सर से टिकट दिया गया है.

**छोटी कुमारी को टिकट**-भाजपा ने छपरा से छोटी कुमारी को टिकट दिया है. इसके अलावा, आरक्षित सीटों पर भी उम्मीदवारों का ऐलान किया गया है, जिसमें रोसड़ा से बीरेंद्र कुमार और अगिआंव से महेश पासवान को मैदान में उतारा गया है.

**इनका कटा टिकट**-बीजेपी ने कुसुम देवी, बाढ़ से ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, मुजफ्फरपुर से सुरेश शर्मा का टिकट काट दिया है.




